CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 149 रायपुर, सोमवार 23 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जिन हाथों में कभी थमाई गई बंदूक, आज उनमें किताबें देकर संवारा जा रहा भविष्य : शाह



**रायपुर,** 23 जून (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं. राजधानी रायपुर में उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से पहुंचे बच्चों और युवाओं से मुलाकात की. केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि जिन मासूम बच्चों के हाथों में नक्सलियों ने कभी बंदूकें थमाई थी, आज उन्हीं हाथों में आज किताबें देकर भविष्य संवारा जा रहा है.

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चे**

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जिन मासूम बच्चों के हाथों में कभी नक्सलियों ने बंदूकें थमा दी थी, आज उनके हाथों में किताबें देकर उनका भविष्य सँवारा जा रहा है. छत्तीसगढ़ सरकार की 'लियोर ओयना' योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को रायपुर लाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़, उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है. आज इस योजना के तहत नवा रायपुर आए बीजापुर के उसूर और गंगालूर विकासखंड के युवाओं से भेंट कर मन आनंदित है. '' बता दें कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह का आज छत्तीसगढ़ प्रवास का दूसरा दिन है. आज उन्हें नारायणपुर जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है. अब वे रायपुर में ही सुरक्षा बलों के कमांडर्स से रायपुर में ही मुलाकात करेंगे।

## शिवनाथ नदी में गिरी कार घर जा रहे बैंक कर्मी की मौत



**सिमगा,** 23 जून (हाईवे चैनल)। सिमगा से बेमेतरा जाने वाले पुल में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। जहां तेज रफ्तार कार शिवनाथ नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पुलिस को बुलाया। तब पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकलवाया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सिमगा के पुराने पुल पर हुआ है। भारी मशक्कत के बाद कार को बाहर लाया गया। जानकारी के मुताबिक कार में 4 लोग सवार थे। घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है।

बैंक आफ इंडिया में पदस्थ था मृतक हादसे के बाद कार को नदी से बाहर निकाला गया। तब उस कार में एक व्यक्ति का शव भी बरामद हुआ। मृतक की पहचान जबलपुर निवासी अमित कोल के रूप में हुई है। मृतक बेमेतरा जिले में बैंक आफ इंडिया में पदस्थ था। मृतक अमित कोल रायपुर से जबलपुर अपने गांव जा रहा था। इस दौरान मृतक कार समेत शिवनाथ नदी में जा गिरा। कार में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जहां सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं रेस्क्यू टीम और गोताखोरों की टीम अब भी मौके पर तलाश जारी रखे हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब कार का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वह ब्रिज की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गई। कार के गिरते ही आसपास के लोगों ने मदद के लिए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

## शहीद गिरपुंजे के परिजनों से मिले गृह मंत्री अमित शाह



केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में शहीद हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से रविवार को नवा रायपुर में मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे। एक्स पर पोस्ट में उन्होने यह जानकारी साझा की,गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलवाद से पूर्ण रूप से मुक्त करने के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है। यह मिशन समर्पित है उन सभी वीर शहीदों की अमर स्मृति को, जिन्होंने आतंक और हिंसा के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आकाश राव जैसे बहादुर अधिकारियों का बलिदान देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है और उनके परिवारों की पीड़ा व गौरव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

## सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

**राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर हुई कार्रवाई**

**नई दिल्ली,** 23 जून (न्यूज चैनल)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर कार्रवाई की है।

सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी ने जानकारी दी है कि विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, कारोबारी विरोधी , नौकरीपेशा विरोधी और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित कर दिया।गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पाण्डेय पर समाजवादी पार्टी ने एक्शन लिया है। पोस्ट में लिखा है कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई, शेष की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### टीवी शो 'अनुपमा' के सेट पर भीषण आग, करोड़ों का कीमती सामान जलकर खाक

**नई दिल्ली,** 23 जून (न्यूज चैनल)। टीवी सीरियल अनुपमा के सेट से एक बड़ी खबर सामने आई है। मुंबई के गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में आज सुबह 'अनुपमा' के सेट पर अचानक आग लग गई, जिससे वहां हड़कंप मच गया। हादसे में करोड़ों का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, किसी शख्स के घायल होने की कोई खबर नही है।

यह घटना सुबह करीब 5 बजे की है। बताया जा रहा है कि सेट पर मौजूद कुछ लोगों ने धुआं उठते देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। करोड़ों का कीमती सामान जलकर खाक हो गया था। हालांकि, सेट पर मौजूद सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानी नुकसान होने से बचाव हो गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मश्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल वहां कूलिंग का काम जारी है ताकि आग दोबारा न लगे। इस भीषण हादसे पर एआईसीडब्ल्यूए ने गहरी चिंता जताई है। एसोसिएशन ने अपने पोस्ट में निर्माताओं, प्रोडक्शन हाउस और चैनल पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि वे बुनियादी अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने में नाकाम रहते हैं। एआईसीडब्ल्यूए ने इस मामले में प्रोड्यूसर, प्रोडक्शन हाउस, चैनल, फिल्म सिटी मैनेजमेंट और लेबर कमिशन के खिलाफ आपराधिक एफआईआर दर्ज कराई है। संगठन ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। वहीं, इस हादसे से शो के कलाकारों और फैंस के बीच काफी मायूसी है।

## राजीव भवन में सचिन पायलट की मौजूदगी में पीएसी की हुई बैठक



**कानून-व्यवस्था पर साधा निशाना अमित शाह और भाजपा पर किया पलटवार**

**रायपुर,** 23 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस आने वाले दिनों में राज्य सरकार के खिलाफ कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जमीनी लड़ाई लड़ने वाली है. इसे लेकर एक रणनीतिक चर्चा आज पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी याने पी.ए.सी. की में हुई.

राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में दीपक बैज, भूपेश बघेल, डॉ. चरण दास महंत सहित कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरिष्ट नेता शामिल रहे. बैठक में सुकमा में कांग्रेस भवन को ईडी की ओर कुर्क करने की घटना के साथ ही किसानों के मुद्दों, राज्य में गहराये खाद संकट, भ्रष्टाचार सहित अन्य विषयों पर जमीनी लड़ाई लड़ने को लेकर चर्चा हुई. सचिन पायलट ने बताया कि इस दौरे का मकसद पार्टी की अब तक की गतिविधियों की समीक्षा करना और भविष्य की रणनीति तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 2025 का वर्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा संगठन को समर्पित किया गया है और इसी दिशा में पार्टी कार्य कर रही है। सचिन पायलट ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में दिल्ली का नियंत्रण ज्यादा और रायपुर का कम नजर आता है। उन्होंने कहा, जिन्हें शासन चलाने का जनादेश मिला है, वे हर निर्णय के लिए दिल्ली की ओर देखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में प्रभावी ढंग से जनमुद्दों को उठाया है और आगामी मानसून सत्र की रणनीति भी बनाई जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सली इस बार मानसून में सो नहीं पाएंगे वाले बयान पर पायलट ने कहा कि कांग्रेस हिंसा के खिलाफ है, लेकिन नक्सल विरोधी कार्रवाई पारदर्शी और सोच-समझकर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, यह आंतरिक सुरक्षा का मामला है, इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। जवानों की शहादत का सम्मान हो और कार्रवाई जनविश्वास को केंद्र में रखकर हो।

## अब हमें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा : मुर्मू



**नई दिल्ली,** 23 जून (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रीपति ने यह बात कही। जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा, '' वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है।''

उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा, '' इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## तेंदुआ कैमरे में कैद हुआ

**कोरबा,** 23 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा तहसील के चाकाबूड़ा जंगल में तेंदुआ जैसे दिखने वाले जानवर के बच्चे को देखा गया। ग्रामीणों ने जानवर को देखते ही वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। डिप्टी रेंजर संतोष रात्रे के नेतृत्व में टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र की निगरानी शुरू की। कटघोरा के डीएफओ निशांत झा ने बताया कि जानवर की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह विलुप्त प्रजाति की जंगली बिल्ली (फेलिस चाउस) का बच्चा हो सकता है।



**हरकत में आई वन विभाग की टीम**

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो स्थानीय कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बनाया गया बताया जा रहा है। बता दें कि कोरबा क्षेत्र में पहले भी वन्यजीवों की गतिविधियां देखी गई हैं। चैतुरगढ़ के जंगल में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि वन विभाग ने की थी। वहीं पाली मुख्यालय के आसपास के जंगलों में दो बच्चों सहित 9 हाथियों का दल भी देखा गया था।

## ट्रम्प सरकार ने अमरीकी नागरिकों को छत्तीसगढ़ न जाने की दी सलाह



- **भूपेश बघेल और टीएस ने कहा- दोस्त से पीएम मोदी को मिला ये सिला**
- **विश्व गुरु का दावा और अमृतकाल का ढोल दोनों खोखले : सिंहदेव**

**नई दिल्ली/रायपुर,** 23 जून (न्यूज चैनल)। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है. इसमें उन्हें भारत के कुछ राज्यों की यात्रा न करने की सलाह दी गई है. नक्सल हिंसा के चलते कुछ राज्यों में यात्रा में सावधानी बरतने की भी एडवाइजरी है, इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है. अमेरिकी सरकार के इस फरमान के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है. पूर्व मुख्यमंत्री बघेल और उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है. वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा ने भी पलटवार किया है. कहा कि सोरोस की पहुंच अब शायद राजीव भवन तक है.

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी इस ट्रैवल एडवाइजरी को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत गरमा गई है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार को जमकर घेरा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि क्या यह अमृत काल है, अमरीकी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए भारत के छह राज्यों में यात्रा न करने की चेतावनी जारी की है, जिसमें हमारा छत्तीसगढ़ भी शामिल है. प्रधानमंत्री की अमेरीकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से दोस्ती का ऐसा सिला?

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अमेरिका ने साफ़ कहा है कि भारत और ख़ासकर छत्तीसगढ़ में महिलाएं अकेले यात्रा न करें. क्यों? क्योंकि बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद बेकाबू हैं. बेटी बचाओ, सिर्फ़ नारे और पोस्टर तक सीमित रहा, केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की नाकामी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया है. गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में होंगे, वह भाषण से परे समीक्षा करें क्योंकि महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा सब उनकी ज़िम्मेदारी है, जिस कारण पूरे राष्ट्र और छत्तीसगढ़ पर ये गंभीर आरोप और सवालिया निशान उठें हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वगुरु का दावा और अमृतकाल का ढोल दोनों खोखले हैं. यह पोल प्रधानमंत्री के ही अभिन्न मित्र बार-बार खोल रहे हैं. हालात में जल्द सुधार नहीं हुआ तो मोदी राज के 'नए भारत' को हाउडे और हुग्स के बावजूद सिर्फ चेतावनी और अपमान मिलता रहेगा.

### भाजपा ने किया पलटवार

ट्रैवल एडवाइजरी को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के हमले का पलटवार किया है. भाजपा ने इतिहास में कांग्रेस की इसे दयनीय स्थिति बताया है. कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति अब अमेरिका आधारित प्रोपगैंडा पर निभर करती है. राष्ट्रीय कांग्रेस का काम केवल ट्रंप के संघर्षविराम से संबंधित ट्वीट गिनने और प्रदेश कांग्रेस का अमेरिका की कोई कथित एडवाइजरी पर राजनीति करने का रह गया है. ट्रैवल एडवायजरी पर बयान को शर्मनाक और हास्यास्पद बताया और कहा कि इस पर क्या टिप्पणी की जाए, शायद अब सोरोस की पहुंच राजीव भवन तक है. आगे कहा कि कांग्रेस में हिम्मत है तो वह किसी भारतीय आंकड़ें को लेकर बहस करे. साथ ही पूर्व सीएम को याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में हर छह घंटे पर एक बलात्कार और 8 घंटे पर हत्या होती थी।




चूहा- सुनती हो, ट्रंप अमेरिकियों को कह रहें हैं कि छत्तीसगढ़ मत जाओ घूमने के लिए!

चुहिया- हां जी, छत्तीसगढ़ शांत और साफ सुथरी जगह है यहां गंदगी फैलाने की जरूरत भी नहीं है...!

CMYK